गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2022

23.05.2022

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400051 **चिह्न : - गेल (ईक्यू)**	2. लिस्टिंग अनुपालन बीएसई लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001 **स्क्रिप कोड : - 532155**

महोदय / महोदया,

कृपया **"एचएमईएल रिफाइनरी को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की शुरूआत, बठिंडा में गैस रिसीविंग स्टेशन का उद्घाटन"** संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रतिलिपि संलग्न है।

धन्यवाद,

भवदीय,

(ए.के.झा)
कंपनी सचिव

अनुलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रति:

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

एचएमईएल रिफाइनरी को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की शुरूआत, बठिंडा में गैस रिसीविंग स्टेशन का उद्घाटन

बठिंडा (पंजाब), 21 मई, 2022: बड़े ग्राहकों के लिए प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास करते हुए गेल (इंडिया) लिमिटेड ने एचपीसीएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) रिफाइनरी को ईंधन की आपूर्ति के लिए यहाँ एक समर्पित पाइपलाइन बिछाई है।

पाइपलाइन के लिए गैस रिसीविंग स्टेशन का उद्घाटन आज एचएमईएल के प्रबंध निदेशक और सीईओ, श्री प्रभ दास ने गेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री मनोज जैन, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, सुश्री वर्तिका शुक्ला तथा गेल के निदेशक (परियोजना), श्री दीपक गुप्ता की उपस्थिति में किया।

समर्पित पाइपलाइन, जो एचएमईएल को 1 एमएमएससीएमडी गैस की आपूर्ति करेगी, 142 करोड़ रुपये की लागत से बिछाई गई है। 12 इंच व्यास (कुल क्षमता - 5 एमएमएससीएमडी) की 44.26 किलोमीटर पाइपलाइन 500 किलोमीटर दादरी-बवाना-नांगल पाइपलाइन (डीबीएनपीएल) की स्पर लाइन है। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति टैप ऑफ एनएफएल, बठिंडा में गेल रिसीविंग टर्मिनल से ली जाती है।

डीबीएनपीएल राष्ट्रीय गैस ग्रिड का एक हिस्सा है और इन उत्तरी राज्यों की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए दादरी (उत्तर प्रदेश) से यमुनानगर (हरियाणा) होते हुए नांगल (पंजाब) तक विस्तारित है। पाइपलाइन क्षेत्र में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को बढ़ावा देगी, जिसके परिणामस्वरूप घरों, वाहनों, वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए आपूर्ति में वृद्धि होगी। यह पहले से ही विभिन्न औद्योगिक ग्राहकों और सिटी गैस नेटवर्क, अर्थात् आईजीएल गाजियाबाद, बवाना, सहारनपुर, यमुनानगर और मंडीगोविंदगढ़, नांगल, लुधियाना, एनएफएल भटिंडा, सीजीएस लुधियाना, आदि को गैस की आपूर्ति करता है।